# बिहार विधान-सभा वादवृत्त ।

---

भारत के संविधान के उपबंध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-विवरण ।

सभा का अधिवेशन पटने के सभा सदन में शुक्रवार, तिथि ९ सितम्बर, १९६६ को पूर्वाह्न ९ बजे अध्यक्ष डा० लक्ष्मीनारायण सुधांशु के सभापतित्व में प्रारंभ हुआ ।

---

बिहार विधान-सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली के नियम "४" के परन्तुक के अन्तर्गत प्रश्नों के लिखित उत्तरों का सभा की मेज पर रखा जाना ।

श्री मुंगेरी लाल—महाशय, में तृतीय बिहार विधान-सभा के द्वादश सत्र (फरवरी-अप्रील, १९६६) के शेष ११७६ तारांकित प्रश्नों में से ८७ प्रश्नों के* लिखित उत्तर सभा की मेज पर रखता हूँ ।

---

*उत्तर के लिये कृपया परिशिष्ट २ देखें ।

अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर ।

---

दोषपूर्ण नोटिफिकेशन ।

२। श्री सुखलाल महतो—क्या मंत्री, राजस्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :—

(१) क्या यह बात सही है कि कोशी जब १९१७ ई० में पूर्णियाँ और सहर्षा बोर्डर से हटकर पश्चिम चली गई तब १९२६ ई० से १९३१ ई० के बीच कोशी दियारा का सर्वे हुआ और उसके बाद कोशी धार उधर नहीं गई है;

(२) क्या यह बात सही है कि कोशी लैन्ड रेस्टोरेशन ऐक्ट जो बना है उसका मंशा है कि १९३९ ई० से १९५० ई० के अन्दर जो जमीन कोशी उपद्रव के चलते जमींदारों ने नीलाम करा लिया उसे किसानों को वापस करा दिया जाग;

(३) क्या यह बात सही है कि कोशी लैन्ड रेस्टोरेशन ऐक्ट को लागू करने के लिये जो नोटिफिकेशन हुआ है वह दोषपूर्ण है जिसके चलते कोशी दियारा का सर्वे जहाँ हुआ है वहाँ भी वही कानून लागू समझा जाता है जिसकी वजह से उक्त कानून की जो मंशा है उसकी अवहेलना हुई है और वहाँ की जनता के साथ अन्याय हुआ है ;

सड़क का निर्माण।

१२३०। श्री राजमंगल मिश्र—क्या लोक-निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि शारण जिलान्तर्गत हथुआ चीनी मिल, मीरगंज के क्षेत्र में जीगीना जगरनाथ से केन सेस से एक सड़क बनने का प्लान एस्टीमेट पांच वर्ष पहले मंजूर हुआ था ;

(२) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क को बनवाने के लिए ठीकेदार की बहाली भी हुई तथा साइट पर ईंटा और पत्थर भी इस समय गिरा ;

(३) क्या यह बात सही है कि सड़क का निर्माण नहीं हुआ, यदि हां, तो क्यों ;

(४) सरकार उस सड़क को कबतक बनवा देने का विचार करती है ?

श्री रामलखन सिंह यादव—(१) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(२) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(३) उत्तर स्वीकारात्मक है। भू-अर्जन नहीं होने के कारण पथ का निर्माण-कार्य बन्द है।

(४) भू-अर्जन हो जाने के पश्चात् जिसके लिए धारा ११ के अन्तर्गत कारंवाई की गई है। सड़क-निर्माण में करीब एक वर्ष लगेगा।

---

पानी के बहाव की व्यवस्था।

१२३१। श्री राम सेवक सिंह—क्या लोक-स्वास्थ्य अभियंत्रणा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि पटना सदर सबडिवीजन के अन्तर्गत दीघा थाने के कुर्जी पुल से होकर पाटलीपुत्र कालोनी एवं साइकिल कारखाने का गन्दा पानी बहता है ;

(२) क्या यह बात सही है कि गंदा पानी पुल के उत्तरी मुंह पर जाकर जमा हो जाता है ;

(३) क्या यह बात सही है कि इस गंदे पानी के कारण पुल के उत्तर के दोनों किनारे के नागरिकों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है ;

(४) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पानी के बहाव की व्यवस्था करने की इच्छा रखती है, यदि हां, तो कब तक, यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री रामलखन सिंह यादव—(१) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(२) नाली का गंदा पानीं गंगा नदी में चला जाता परन्तु कुछ पानी पुल के उत्तर भाग में जमा होता है।

(३) उत्तर नकारात्मक है। लेकिन इस पानी के जमा होने से नजदीक के नागरिकों को कुछ असुविधा होती ही है।

(४) पानी के बहाव की व्यवस्था की जा रही है और स्थानीय अफसरों को आदेश दिया गया है।

---

### नलकूप की मरम्मत।

१२३२। श्री कर्पूरी ठाकुर—क्या लोक स्वास्थ्य अभियंत्रणा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के समस्तीपुर प्रखंड के अन्तर्गत पितौंजिया ग्राम के पूरबी टोले में एक पेय नलकूप गत एक वर्ष से खराब पड़ा है ;

(२) क्या यह बात सही है कि उक्त टोले में न कोई अच्छा नलकूप है और न दुरुस्त हालत में नलकूप ही, जिसके परिणामस्वरूप वहाँ के लोगों को सालों भर विशेष कर ग्रीष्म ऋतु में पेय जल के लिए अत्यधिक कष्टों का सामना करना पड़ता है।

(३) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार उक्त नलकूप की मरम्मत के लिए कौन-सी कार्रवाई करने जा रही है और नहीं तो क्यों ?

श्री रामलखन सिंह यादव—(१) उत्तर नकारात्मक है।

(२) उत्तर नकारात्मक है। नलकूप गाड़ने के समय ३०० फीट गहराई तक बोरिंग किया गया था। परन्तु अच्छा लेअर नहीं मिलने के कारण ओपेन बोरिंग के रूप में गाड़ दिया गया। अतः शुरू में चलाने के समय कुछ गंदा पानी आता है, बाद में अच्छा पानी आने लगता है।

(३) प्रश्न के खंड (१) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता है।

---

### नलकूप की मरम्मत।

१२३३। श्री एकनारायण चौधरी—क्या मंत्री, लोक-स्वास्थ्य अभियंत्रणा विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत जाले प्रखंड के मछआ गाँव के हरिजन टोले में लोक-स्वास्थ्य अभियंत्रणा विभाग द्वारा एक नलकूप गड़वाया गया था, यदि हाँ, तो क्या वह विगत एक वर्ष से खराब है ;